C. S. (Main) Exam : 2011

B-DTN-L-QBA

# PUBLIC ADMINISTRATION

## Paper I

*Time Allowed : Three Hours*

*Maximum Marks : 300*

## INSTRUCTIONS

*Each question is printed both in Hindi and in English.*

*Answers must be written in the medium specified in the Admission Certificate issued to you, which must be stated clearly on the cover of the answer-book in the space provided for the purpose. No marks will be given for the answers written in a medium other than that specified in the Admission Certificate.*

*Candidates should attempt Questions no.* ***1*** *and* ***5*** *which are compulsory, and any* ***three*** *of the remaining questions selecting at least* ***one*** *question from each Section.*

*The number of marks carried by each question is indicated at the end of the question.*

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस प्रश्न-पत्र के पिछले पृष्ठ पर छपा है।

## SECTION A

**1.** Answer the following questions in not more than 200 words each : *20×3=60*

(a) 'A crisis of credibility' in the administrative system can be overcome only by 'reinventing government'. Comment.

(b) 'Media is a Parliament of citizens.' Explain.

(c) E-governance is the final arrival of Max Weber's 'iron cage of rationality'. Discuss.

**2.** (a) In the evolution of the discipline of Public Administration, Minnowbrook Conferences I, II and III reflect the discipline's reconceptualisation and its changing values. Elucidate. *30*

(b) Critically examine conflict resolution according to M.P. Follett. Explain how McGregor took forward her ideas in the context of complex organizations. *30*

**3.** (a) Whereas Downs' model is largely dependent on a theory of psychological motivation, Niskanen's model is framed by neo-classical thinking.
In the light of the above, discuss the public choice approach to decision-making. *30*

(b) The Systems Approach is relevant even today for organisational analysis. Discuss how Chester Barnard and David Easton adopted this approach in their respective areas of study. *30*

## खण्ड क

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक 200 शब्दों से अधिक में न हो : *20×3=60*

(क) प्रशासनिक तंत्र में 'विश्वसनीयता की संकटावस्था' पर केवल 'सरकार के पुनराविष्कार' के द्वारा ही काबू पाया जा सकता है । टिप्पणी कीजिए ।

(ख) 'मीडिया नागरिकों की एक संसद है ।' स्पष्ट कीजिए ।

(ग) ई-शासन मैक्स वेबर के 'तर्कसंगतता का लौह पिंजरा' का अंतिम आगमन है । चर्चा कीजिए ।

2. (क) लोक प्रशासन की विद्या विशेष के विकास में मिनोब्रुक सम्मेलन I, II और III, इस विद्या विशेष के पुनर्संप्रत्ययीकरण और उसके परिवर्तनशील मूल्यों को प्रतिबिंबित करते हैं । स्पष्ट कीजिए । *30*

(ख) एम.पी. फौलट के अनुसार द्वंद्व समाधान का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए । समझाइए कि जटिल संगठनों के संदर्भ में, मैक्ग्रेगर उसके विचारों को किस प्रकार से आगे ले गया था । *30*

3. (क) जबकि डाउन्स का मॉडल अधिकतर मनोवैज्ञानिक अभिप्रेरण की थियोरी पर निर्भर करता है, निस्कानन का मॉडल नव-क्लासिकी विचारणा के द्वारा रचित है ।

उपर्युक्त के प्रकाश में, निर्णयन के लोक वरण उपागम पर चर्चा कीजिए । *30*

(ख) संगठनात्मक विश्लेषण के लिए, तंत्र उपागम आज तक भी प्रासंगिक है । चर्चा कीजिए कि अध्ययन के अपने-अपने क्षेत्रों में, इस उपागम को चैस्टर बर्नार्ड और डेविड ईस्टन ने किस प्रकार से ग्रहण किया था । *30*

4. (a) Whereas 'value for money' audit aims at economy and 'performance' audit seeks efficiency, 'social' audit goes beyond both, to examine the effectiveness of a programme or activity.

Examine this statement with suitable illustrations. *30*

(b) (i) Make a critical assessment of Dicey's understanding of the Rule of Law and *Droit Administratif*. *15*

(ii) Make out a case for Delegated Legislation. *15*

4. (क) जबकि 'धन के लिए मूल्य' लेखापरीक्षा का लक्ष्य बचत होता है और 'निष्पादन' लेखापरीक्षा दक्षता को खोजता है, 'सामाजिक' लेखापरीक्षा किसी कार्यक्रम या क्रियाकलाप की प्रभाविता का परीक्षण करने के लिए, इन दोनों से आगे बढ़ जाता है ।

उपयुक्त उदाहरण प्रस्तुत करते हुए, इस कथन का परीक्षण कीजिए । *30*

(ख) (i) विधि सम्मत शासन और *'ड्रौएट ऐडमिनिस्ट्राटिफ'* की डाइसी की समझ का एक समालोचनात्मक आकलन कीजिए । *15*

(ii) प्रत्यायोजित विधान के पक्ष में दलीलें प्रस्तुत कीजिए । *15*

## SECTION B

5. Answer the following questions in not more than 200 words each : *20×3=60*

   (a) 'Budget is a series of goals with price-tags attached.' Explain.

   (b) 'Policy is being made as it is being administered and administered as it is being made.' Comment.

   (c) 'Position Classification can be problematic. A serious complaint in its practice is that it dehumanises the employee.' Discuss.

6. (a) Neither Edward Weidner nor Fred Riggs was able to describe the process of development administration adequately. Explain the drawbacks and weaknesses in their theoretical analyses. *30*

   (b) Indicate the milestones in the story of development from the Nehruvian Model to the Liberalisation Model. *30*

7. (a) Civil Servants must be social moralists in action, living up to Paul Appleby's dictum that 'responsible government is ethical government'. Examine this statement in the light of good governance. *30*

## खण्ड ख

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए, जो प्रत्येक 200 शब्दों से अधिक में न हो : *20×3=60*

(क) 'बजट कीमत-टैग साथ लगे हुए लक्ष्यों की एक शृंखला होता है ।' स्पष्ट कीजिए ।

(ख) 'नीति उसी समय निर्माण की जा रही होती है कि जिस समय वह प्रशासित की जा रही होती है और उसी समय वह प्रशासित की जा रही होती है कि जिस समय उसका निर्माण किया जा रहा होता है ।' टिप्पणी कीजिए ।

(ग) 'पद वर्गीकरण समस्यात्मक हो सकता है । उसके प्रयोग में एक गंभीर शिकायत यह होती है, कि वह कर्मचारी का अमानवीकरण करता है ।' चर्चा कीजिए ।

6. (क) न तो एडवर्ड वाइडनर और न ही फ्रैड रिग्स विकास प्रशासन के प्रक्रम का पर्याप्त रूप से वर्णन कर पाए थे । उनके सैद्धांतिक विश्लेषणों में त्रुटियों और दुर्बलताओं को स्पष्ट कीजिए । *30*

(ख) नेहरूवी मॉडल से उदारीकरण मॉडल तक विकास के इतिवृत्त में, मील के पत्थरों का उल्लेख कीजिए । *30*

7. (क) सिविल सेवकों के लिए आवश्यक है कि वे अपने कार्य में सामाजिक नैतिकतावादी हों, पौल ऐपलबी की उक्ति कि 'उत्तरदायी सरकार नैतिक सरकार होती है', के सिद्धांत पर चलते हों । सुशासन के प्रकाश में, इस कथन का परीक्षण कीजिए । *30*

(b) Critically examine the following statements in the field of Policy Sciences :

(i) The incrementalist paradigm posits a conservative tendency in public policy making. *15*

(ii) Dror's Optimal Model is a fusion of the economically rational model with the extra-rational model. *15*

8. (a) (i) What are the main functions of an O and M office ? *15*

(ii) A system of Information ties planning and control by managers to the operational system of implementation. Elaborate. *15*

(b) An administrator uses the budget as a framework for communication and co-ordination, as well as for exercising administrative discipline throughout the administrative structure. Explain. *30*

(ख) नीति विज्ञानों के क्षेत्र में निम्नलिखित कथनों का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए :

(i) क्रमिक-वृद्धिक प्रतिरूप, लोक नीति निर्माण में एक रूढ़िवादी प्रवृत्ति को तथ्य के रूप में मान लेता है । *15*

(ii) ड्रौर का इष्टतम मॉडल, मितव्ययी तर्कसंगत मॉडल का अतिरिक्त तर्कसंगत मॉडल के साथ एक संलयन है । *15*

8. (क) (i) संगठन तथा पद्धति कार्यालय के मुख्य प्रकार्य क्या होते हैं ? *15*

(ii) सूचना का तंत्र, प्रबंधकों के द्वारा आयोजना और नियंत्रण को, क्रियान्वयन के प्रचालन तंत्र के साथ बाँध देता है । विशद रूप से स्पष्ट कीजिए । *15*

(ख) प्रशासक बजट का, संचार और समन्वय के एक ढाँचे के रूप में, और इसके साथ-साथ संपूर्ण प्रशासनिक संरचना में प्रशासनिक अनुशासन का परिपालन करने के लिए इस्तेमाल करता है । स्पष्ट कीजिए । *30*

# लोक प्रशासन

## प्रश्न-पत्र I

समय : तीन घण्टे

पूर्णांक : 300

## अनुदेश

*प्रत्येक प्रश्न हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपा है ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख उत्तर-पुस्तक के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्रवेश-पत्र पर उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं । बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*प्रत्येक प्रश्न के लिए नियत अंक प्रश्न के अंत में दिए गए हैं ।*

---

**Note :** *English version of the Instructions is printed on the front cover of this question paper.*